# Session 2020-21

# आदर्श प्रश्न पत्र

## कक्षा – आठवीं

## विषय – हिन्दी (SOS)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**विशेष निर्देश :**

1. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई हैं उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
2. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने ना छोड़े।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
4. प्रश्न के सभी भागों को एक साथ करें।
5. सुलेख का विशेष ध्यान रखें।
6. व्याकरण भाग में काटकर लिखना वर्जित है।

**भाग–क**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सुंदर एवं सारगर्भित निबंध लिखें– 10

   मेरे सपनों का भारत, विद्यार्थी जीवन, जनसंख्या की समस्या, शिक्षा में खेल कूद का महत्व

2. अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक / प्रधानाचार्य जी को घर में आवश्यक कार्य हेतु दो दिन का अवकाश लेने के लिए प्रार्थना पत्र लिखो।

   अथवा

   भाई की शादी पर अवकाश लेने–हेतु अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखें। 7



Downloaded from cclchapter.com

अथवा

अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर निमंत्रण पत्र लिखो।

3. निम्नलिखित में से कोई एक कहानी शिक्षा सहित लिखिए। 8

एकता में बल है।

लालच बुरी बला है।

4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें- 5×1=5

(1) भाषा किसे कहते हैं?

(2) सर्वनाम की परिभाषा लिखो।

(3) लिंग किसे कहते हैं?

(4) काल की परिभाषा लिखो।

(5) किन्हीं दो वर्णों के उच्चारण स्थान लिखो - क, ट, म, र

(6) आवट प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाओ।

(7) ''जो कम खाता हो'' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो।

(8) किन्हीं दो के वचन बदलें - कलम, वस्तु, नदी।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें- 5×2=10

1. किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- अधिक, उदय, उजाला, एकता, पाप

2. किन्हीं दो शब्दों की संधि करो -

कवि + इंद्र     दु:+उपयोग     अति+अधिक

3. किन्हीं चार अशुद्ध शब्दों को उनके शुद्ध रूप में लिखो-

अभूशण, आसीरवाद, प्रमातमा, नदीयां, सवरग

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखें - अंक, कमल, घोड़ा, जंगल।

5. किन्हीं दो सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखो - पाप-पुण्य, दशानन, भरपेट



Downloaded from cclchapter.com

6. किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए –
आंखें दिखाना, टेढ़ी खीर

7. दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए–
गीता सोहन और राजू कक्षा आठवीं के छात्र हैं

5. नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें। 5×2=10

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुद्धि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियां कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

(ख) देश में आज भी कौन-सी समस्या है?

(1) नफ़रत की
(2) वर्ण-भेद की
(3) सांप्रदायिकता की
(4) अमीरी-गरीबी की

(ग) किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है?



Downloaded from cclchapter.com

(घ) मानवीय मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन क्या है?

(ङ) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है?

6. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

आवत गारी एक है, उलटत हुई अनेक।
कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक।

अथवा

शीश पगा न झगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी सी लटी दुपटी, अरु पांय उपानह को नहिं सामा।

7. नीचे दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें– $3 \times 2 = 6$

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तल्वार का, पड़ा रहन दो म्यान।

(क) कबीर ने क्या ना पूछने की बात कही है?

(ख) कबीर ने दूसरों से क्या पूछने को कहा है?

(ग) इस गद्यांश में कबीर ने क्या शिक्षा दी है?

(घ) 'जाति न पूछो साध की पूछ लीजिए ज्ञान' का भावार्थ स्पष्ट ?

(ङ) 'मोल करो तल्वार का पड़ा रहन दो म्यान' का अर्थ स्पष्ट करें।

8. निम्नलिखित में से किसी एक कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए :
ध्वनि, कबीर की साखियां 4

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर अपनी पाठ्य पुस्तक "वसंत भाग 3" के आधार पर लिखें: $5 \times 2 = 10$

(च) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?



Downloaded from cclchapter.com

(छ) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

(ज) कवि ने अपने आने को उल्सास और जाने को आंसू बनकर वह जाना क्यों कहा है?

(झ) दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?

(ञ) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

(ट) बालक श्री कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(ठ) ओस की बूंद क्रोध और घृणा से क्यों कांप उठी?

(ड) नशा अपराध का द्वार है। कैसे?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें:

प्रहार, व्याकुल, नव, हस्ती, निर्धन, दुर्लभ, विचित्र, इंतजार। 5×2=10

11. पूरक पाठ्यपुस्तक भारत की खोज के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) अंग्रेजी सरकार शिक्षा के प्रसार को क्यों नापसंद करती थी?

(ख) लेखक के अनुसार भारत माता का स्वरूप कैसा है?

(ग) भारत अंतर्विरोधों का देश कैसे है?

(घ) गांधी जी कैसे भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहते थे?

(ङ) भारत छोड़ो प्रस्ताव पास होने पर देश में क्या हुआ और इसके क्या परिणाम सामने आए?

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। 4×2=8

यह मेरी नवमी जेल यात्रा थी। हमें यहां आए 20 महीने से भी अधिक समय हो चुका था। जब हम यहां पहुंचे तो अंधियारे आकाश में झिलमिलाते दूज के चांद ने हमारा स्वागत किया। शुक्ल पक्ष शुरू हो चुका था। तब से



Downloaded from cclchapter.com

हर बार जब नया चांद उगता है तो जैसे मुझे याद दिला जाता है कि मेरे कारावास का एक महीना और बीत गया। चांद मेरे बंदी जीवन का स्थाई सहचर रहा है। वही मुझे इस बात की याद दिलाता है कि अंधेरे के बाद उजाला होता है। दूसरी जेलों की तरह यहां अहमदनगर के किले में भी मैंने बागवानी करना शुरू कर दिया। मैं रोज कई घंटे तपती धूप में भी फूलों के लिए क्यारियां बनाने में बिताने लगा। वैसे तो ऐतिहासिक दृष्टि से इस किले की कोई विशेष अहमियत नहीं परन्तु मुझे आज भी इससे जुड़ी एक घटना याद है। चांद बीबी नाम की एक सुंदर महिला के साहस की कहानी जिसने इस किले की रक्षा के लिए अकबर की शाही सेना के विरुद्ध हाथ में तलवार उठा कर अपनी सेना का नेतृत्व किया था।

(क) अहमदनगर के किले का वर्णन कौन कर रहा है नाम लिखो?

(ख) जेल में समय बीत जाने का आभास कौन दिलाता?

(ग) जेल में समय बिताने के लिए सबसे पहले कौन सा कार्य शुरू किया गया?

(घ) अकबर की शाही सेना के विरुद्ध किसने तलवार उठाई?

(ङ) बागवानी शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करे?

(च) अमावस्या के पश्चात् चांद का निकलना लेखक को क्या प्रेरणा देता?



Downloaded from cclchapter.com